



# 5 .62 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 अप्रैल।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को भिंड जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों पर लगभग 5 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिलेवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी।

**त्रिस्तरीय पंचायतों को मिलेगा सुदृढ़ आधार:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर प्रदेश में उन्नत एवं सुव्यवस्थित त्रिस्तरीय पंचायत भवनों की स्थापना की जा रही है। प्रदेशभर में अटल सुशासन भवन एवं ग्राम सेवा सदनों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि इन भवनों में आधुनिक मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, रिकॉर्ड रूम, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे कार्यों में गति और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

### मेहगांव में 5 .25 करोड़ के अटल सुशासन भवन का भूमिपूजन

मंत्री पटेल ने जनपद पंचायत मेहगांव में लगभग 5 .25 करोड़ रुपए लागत के अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत भूमिपूजन किया। वहीं जनपद पंचायत भिंड की ग्राम पंचायत दबोहा में लगभग 37 .50 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल ग्राम सेवा सदन' का लोकार्पण किया गया। इन भवनों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा तथा प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी।

**पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर:** उन्होंने कहा कि केवल भवन निर्माण पर्याप्त नहीं है, बल्कि पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है। इसके लिए पंचायतों की आय बढ़ाने, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

साथ ही स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ वातावरण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रत्येक पंचायत को गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता बताई।

**मेहगांव क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात:** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि प्रभारी मंत्री श्री पटेल द्वारा मेहगांव विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात दी गई है। 19 पंचायत भवन निर्माण

26 सामुदायिक भवन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की 55 सड़कें स्वीकृत, इनसे ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### 2-3 वर्षों में हर पात्र को आवास, 2028 तक हर घर जल

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य कर रही है। आने वाले 2-3 वर्षों में सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा।हर घर तक बिजली पहुंचाई जाएगी। वर्ष 2028 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**ग्रामीण प्रशासन होगा और मजबूत:** सांसद संध्या राय ने कहा कि अटल सुशासन भवन ग्रामीण प्रशासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। इससे आम नागरिकों को त्वरित सेवाएं मिलेंगी और शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेंगी।

**पंचायत भवन से बढ़ेगा विकास:** भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि पंचायत भवनों के निर्माण से पंचायतों का संचालन सुचारू होगा। एक ही छत के नीचे पंच-सरपंच के बैठकर निर्णय लेने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भिंड सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## मप्र भाजपा प्रकोष्ठ प्रभारी आशुतोष तिवारी का भिंड दौरा, कार्यकर्ताओं से किया संवाद





### संगठन मजबूती व आगामी रणनीति पर हुई चर्चा, प्रिंस दुबे के निवास पर हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 अप्रैल।** मध्यप्रदेश भाजपा प्रकोष्ठ प्रभारी आशुतोष तिवारी अपने भिंड प्रवास के दौरान जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की।

**प्रिंस दुबे के निवास पर हुआ आत्मीय स्वागत:** प्रवास के दौरान तिवारी भाजपा वनखंडेश्वर मंडल अध्यक्ष प्रिंस दुबे के निज निवास पहुंचे, जहां मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा, पिंकी शर्मा, उपेंद्र शर्मा, संदीप पाराशर, अवधेश भदौरिया, कौशलेंद्र सिंह, नीलेश खटीक, समर्थ मिश्रा, सोनू बघेल, सीके राठौर, डॉ. रामकुमार शाक्य, बंटी गौर, विष्णु जोशी, राजीव उपाध्याय, सूरज बरूआ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**संगठन विस्तार पर दिया जोर:** बैठक के दौरान पार्टी की नीतियों, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आशुतोष तिवारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करें।

**कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन:** उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है। कार्यकर्ताओं को निरंतर जनसंपर्क बनाए रखते हुए आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना चाहिए, जिससे पार्टी की पकड़ और मजबूत हो सके।

## लहार नगर पालिका सीएमओ के नोटिस पर विवाद, कार्रवाई की मांग तेज



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 अप्रैल।** लहार नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ द्वारा जारी एक नोटिस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मामले में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**नोटिस में जातिसूचक शब्द के प्रयोग का आरोप:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका लहार द्वारा 2 अप्रैल 2026 को अवैध कॉलोनी से संबंधित एक नोटिस जारी किया गया था। आरोप है कि उक्त नोटिस में जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया गया, जिससे एक विशेष समाज की भावनाएं आहत हुईं। इसे जातिगत अपमान का मामला बताया जा रहा है।


**एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग:** मान सिंह कुशवाह ने अपने ज्ञापन में कहा कि किसी भी व्यक्ति या समाज को जातिगत आधार पर अपमानित करना कानूनन अपराध है। उन्होंने संबंधित सीएमओ के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) के तहत प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस प्रकार की भाषा का जानबूझकर प्रयोग कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

**सीएमओ ने दी सफाई, आरोपों से किया इनकार:** विवाद बढ़ने के बाद सीएमओ ने अपने बचाव में बयान जारी कर कहा कि वायरल वीडियो और नोटिस को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उनका उद्देश्य किसी भी व्यक्ति या समाज को अपमानित करना नहीं था।

**पुलिस कर रही जांच:** फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान रणजीत गुर्जर, वीरेंद्र यादव, राजीव कौशिक, रेखा भदौरिया, अनुपमा भदौरिया, इरशाद अहमद, आनंद शाक्य, रूप सिंह खन्ना, राजेंद्र परिहार, राजवीर बघेल, बलराम जाटव, रवि कुशवाह, देवेंद्र राजावत, विपिन कुमार बघेल, राधाकृष्ण कुशवाह, योगेश शाक्य, शुभभ सिंह आजाद, विकास कुशवाह, राम सिंह, रामबरन सिंह कुशवाह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## इंद्रदेव का अंहकार दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने रची थी लीला : आचार्य पं . विमलकृष्ण

### कथा के पंचम दिवस की कथा में प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल और कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला पहुंचे कथा श्रवण करने





**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 6 अप्रैल।** मेहगांव नगर में त्यागी बाग पचैरा रोड, दैपुरिया कॉलेज के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस की कथा में भागवत का महात्म्य बताते हुए कथा वाचक भागवत रत्न व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य पं. विमलकृष्ण पाठक जी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि कृष्ण ने बाल्यकाल में ही कई राक्षसों का वध कर दिया था भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण के बचपन की दिव्य, मधुर और चमत्कारी घटनाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार गोकुल-वृंदावन में माखन चोरी, पूतना वध, कालिया दमन और मिट्टी खाने जैसी अद्भुत लीलाओं के माध्यम से प्रेम, भक्ति और आनंद का संदेश देती हैं इंद्रदेव का अंहकार दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को ही अपनी सबसे छोटी उंगली पर सात दिनों के लिए धारण कर लिया था और इंद्र के अहंकार को चकनाचूर कर दिया था कथा के पंचम दिन सोमवार को कथा श्रवण करने के लिए भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद श्रीमती संध्या राय, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया सहित अन्य नेताओं ने भागवत कथा श्रवण की। तत्पश्चात व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### महामंडलेश्वर श्री श्री 1008श्री रामदास जी महाराज ने आरती की

श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान परीक्षित श्रीमती अनचाई देवी राकेश त्यागी ठेकेदार राष्ट्रीय अध्यक्ष त्यागी समाज निवासी मेहगांव के द्वारा कराई जा रही है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने आते है वहीं सभी भक्तों के लिए प्रतिदिन भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा कराई जा रही हे।

आज की कथा मे मुख्य रूप से प्रभारी मंत्री पहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला सांसद श्रीमती संध्या राय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया पूर्व संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर रामू तोमर राहुल सिंह भदौरिया पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता भदौरिया पूर्व जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह भदौरिया कांग्रेस नेता प्रमोद चौधरी हृदेश बंटी त्यागी के.के. शर्मा ने कथा श्रवण की।

## भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन, 48 हजार वर्गफीट में बनेगा नवीन भवन

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भिंड में बनने जा रहे नवीन जिला कार्यालय का भूमि पूजन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। लगभग 48 हजार वर्गफीट (करीब 2 बीघा भूमि) में बनने वाले इस कार्यालय का भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल भोपाल से वर्चुअल रूप से जुड़े। जिले में आयोजित कार्यक्रम बृज बिहारी वाटिका गौरी किनारा के सामने पर लाइव प्रसारण के माध्यम से संपन्न हुआ।

**यज्ञ-हवन के साथ हुआ विधिवत पूजन:** जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ यज्ञ-हवन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई।

**विचारधारा ही संगठन की शक्ति:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जो अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही संगठन' भाजपा का मूल मंत्र है कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और संघर्ष से ही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक



संगठन बनी है संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रवाद, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

**संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान:** चंबल संभाग संगठन प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचें और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं।

**1588 बूथों पर मनाया गया स्थापना दिवस:** जिले के 29 मंडलों के 1588 बूथ केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस मनाया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में सांसद संध्या राय, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनभागीदारी से ही योजनाओं की सफलता संभव : धर्मेंद्र सिसोदिया

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 अप्रैल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत जिले भर की नवांकुर संस्थाओं की एक दिवसीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन शासकीय नर्सरी, उद्यानिकी विभाग भिंड में किया गया। बैठक में जिले के सभी विकासखंडों से नवांकुर संस्थाओं एवं समन्वयकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनजागरूकता संबंधी कार्यों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना को सुदृढ़ बनाना था।

बैठक के मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक (चंबल) धर्मेंद्र सिसोदिया ने कहा कि नवांकुर संस्थाएं अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में जागरूकता, सहभागिता और सकारात्मक



परिवर्तन की मजबूत आधारशिला बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्था को अपने ग्राम में सामाजिक नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए।


### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला भिण्ड म .प्र .

भिण्ड, दिनांक : 06 .10 .2025
क्र ./क्यू/एडीएम/वि .पंजी ./
प्र .क्र . 0037/बी-121/2025-26

**।।इश्तहार ।।**

आवेदक मोहर सिंह पुत्र स्व . श्री दर्शन सिंह नि . सुदामापुरी पंचवटी कालोनी के पास हसनपुरा जयपुर स्टेशन रोड (राजस्थान) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 15 हिन्दू मैरिज एक्ट 1954 के तहत स्वंय के शपथपत्र एवं सूची दस्तावेज पेश कर उनका विवाह एवं आवेदिका धनवंती पुत्री श्री जगराम राठौर नि . वार्ड नं . 10 विरखडी गेट के पास बड़ा बाजार गोहद तहसील गोहद जिला भिण्ड म .प्र . के साथ दिनांक 01.06 .1995 को नि . वार्ड नं . 10 विरखडी गेट के पास बड़ा बाजार गोहद तहसील गोहद जिला भिण्ड म .प्र . में हिन्दू रीतिरिवाज से सम्पन्न हुई थी। आवेदक को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अत : विवाह पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया है। उन्होंने यह भी शपथपूर्वक लिखा है कि उनके द्वारा अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत निम्न शर्तें पूरी की जा रही हैं :-

1 . पक्षकारों का परस्पर विवाह हो चुका है और वे तब से निरन्तर पति-पत्नी के रूप में रह रहे हैं।

2 . किसी पक्षकार का एक से अधिक पति या पत्नी रजिस्ट्रीकरण के समय जीवित नहीं है।

3 . कोई पक्षकार रजिस्ट्रीकरण के समय जढ़ या पागल नहीं है।

4 . पक्षकारों से रजिस्ट्रीकरण के समय 21 वर्ष एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है।

5 . पक्षकारों में प्रतिषिद्ध कोटि की कोई नातेदारी नहीं है।

6 . पक्षकार उस विवाह अधिकारी के जिले के भीतर तारीख के ठीक पहले, जब विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन विवाह अधिकारी को किया हो कम से कम तीस दिन की कालावधि तक निवास करते रहे हैं। एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है। उक्त विवाह के सम्बंध में यदि कोई आपत्ति/जानकारी/आवेदन इस प्रकरण में यह विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के पूर्व प्रस्तुत किया जा सकता है। यह जानकारी आपत्ति लिखित / मौखिक दोनों रूपों में स्वयं उपस्थित होकर या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यन से अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के भिण्ड स्थित न्यायालय में न्यायालीन समय पर प्रस्तुत की जा सकेगी .

**विवाह अधिकारी एवं**
**अपर कलेक्टर जिला भिण्ड**

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला भिण्ड म .प्र .

क्र ./क्यू/एडीएम/वि .पंजी ./
प्र .क्र . 0074/बी-121/2025-26
भिण्ड, दिनांक : 16 .01 .2026

**।। इश्तहार ।।**

आवेदक नीरज कुमार पुत्र रामनरेश नि . पाण्डरी रोड उमरी तहसील व जिला भिण्ड म .प्र . एक आवेदन पत्र . अंतर्गत धारा 15 हिन्दू मैरिज एक्ट 1955 के तहत स्वंय के शपथपत्र एवं सूची दस्तावेज पेश कर उनका विवाह आवेदिका संगीता पुत्री राजू प्रजापति नि . डेरी मच्छा दादरी गौतम बुद्ध नगर उ .प्र . के साथ दिनांक 17.11.2025 Revenue Department, Govt of NCT of Delhi Office of The District Magistrate Kotwali; Central District 14, Darya Ganj, New Delhi-110002 Delhi में विवाह पंजीयन दर्ज कराया गया है। यहकि आवेदकगण द्वारा इस न्यायालय में 1955 के तहत पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत : विवाह पंजीयन 1955 के तहत प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया है।

उन्होंने यह भी शपथपूर्वक लिखा है कि उनके द्वारा अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत निम्न शर्तें पूरी की जा रही हैं :-

1 . पक्षकारों का परस्पर विवाह हो चुका है और वे तब से निरन्तर पति-पत्नी के रूप में रह रहे हैं।

2 . किसी पक्षकार का एक से अधिक पति या पत्नी रजिस्ट्रीकरण के समय जीवित नहीं है।

3 . कोई पक्षकार रजिस्ट्रीकरण के समय जढ या पागल नहीं है।

4 . पक्षकारों ने रजिस्ट्रीकरण के समय 21 वर्ष एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है।

5 .पक्षकारों में प्रतिषिद्ध कोटि की कोई नातेदारी नहीं है।

6 . पक्षकार उस विवाह अधिकारी के जिले के भीतर तारीख के ठीक पहले, जब विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन विवाह अधिकारी को किया हो कम से कम तीस दिन की कालावधि तक निवास करते रहे हैं।

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है। उक्त विवाह के सम्बंध में यदि कोई आपत्ति/जानकारी/आवेदन इस प्रकरण में यह विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 30 दिवस के पूर्व प्रस्तुत किया जा सका है। यह जानकारी आपत्ति लिखित / मौखिक दोनों रूपों में स्वंय उपस्थित होकर या अधिकृत प्रतिनिधि से अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के भिण्ड स्थित न्यायालय में न्यायलयीन समय पर प्रस्तुत की जा सकेगी .

**विवाह अधिकारी एवं**
**अपर कलेक्टर जिला भिण्ड**


## ओलावृष्टि पर कांग्रेस का प्रदर्शन, मुआवजे की मांग


**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी भिंड शहर ने जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में ओलावृष्टि एवं तेज बारिश से जिले में हुई भारी नुकसान को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने गोहद, मौ, रौन, अटेर, मिहोना, लहार सहित भिंड क्षेत्र में किसानों की तैयार गेहूं की फसलें नष्ट होने पर चिंता जताई।

**फसल सर्वे और मुआवजे की मांग:** ज्ञापन में कहा गया कि ओलावृष्टि एवं तेज बारिश के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसान आर्थिक संकट में हैं। कांग्रेस ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कराया जाए। साथ ही किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। तेज बारिश और आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने से विद्युत लाइनें और खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। कांग्रेस ने इसे तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की।

**वन स्टॉप सेंटर की घटना की जांच की मांग:** ज्ञापन में मालनपुर की एक नाबालिग लड़की के साथ वन स्टॉप सेंटर भिंड में मारपीट कर बाथरूम में बंद करने की घटना का भी उल्लेख किया गया। कांग्रेस ने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**पीड़ित परिवारों को सहायता देने की मांग:** ओलावृष्टि और बारिश के कारण कई स्थानों पर मकान गिरने से जनहानि एवं घायल होने की घटनाएं सामने आई हैं। कांग्रेस ने मृतकों के परिजनों एवं घायलों को शासन की ओर से उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।



**ये रहे प्रमुख उपस्थित:** ज्ञापन सौंपते समय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ नेता रामहर्ष सिंह कुशवाह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, रेखा भदौरिया, अनिल भारद्वाज, बृजेंद्र सिंह भदौरिया, मुन्ना, अनुपमा (नेहा) भदौरिया, शिव शंकर भदौरिया, अविंद यादव, बलराम जाटव, शंकर जैन, दीपक शर्मा (पार्षद), सोहन तिवारी, मुकेश गर्ग, रविंद्र सिंह, प्रदीप भदौरिया, राजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेहगांव क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, किसानों में चिंता

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 6 अप्रैल।** मेहगांव क्षेत्र में असमय हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे क्षेत्र के किसान गहरी चिंता और संकट का सामना कर रहे हैं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है, जिससे आर्थिक परेशानी की आशंका भी बढ़ गई है।

पूर्व मंत्री एवं मेहगांव के पूर्व विधायक ओ.पी.एस. भदौरिया ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि, 'स्वयं किसान परिवार से होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूँ कि खेत की उपज किसान के लिए संतान के



समान होती है। उसका नष्ट होना हृदय को व्यथित कर देने वाला होता है।' उन्होंने आगे कहा कि इस कठिन समय में वे पूरी संवेदनशीलता के साथ क्षेत्र के किसान भाइयों के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि प्रभावित गांवों का तत्काल सर्वे कराया जाए ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन हो सके।साथ ही उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी एवं कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना जी से आग्रह किया कि वे शीघ्र हस्तक्षेप कर अधिकारियों को निर्देशित करें, जिससे प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और राहत मिल सके। उन्होंने अंत में ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी किसान भाइयों को इस संकट की घड़ी से उबरने की शक्ति मिले और सभी पर उनकी कृपा बनी रहे।